करेंट अफेयर्स 29 मई:विजय खंडूजा कैमरून में भारतीय राजदूत बने, सत्यदीप गुप्ता ने माउंट ल्होत्से और एवरेस्ट पर दोहरी चढ़ाई का रिकॉर्ड बनाया

भारत में क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर का निर्माण होगा। टाटा AIA लाइफ इंश्योरेंस ने इंस्टेंट लोन सुविधा शुरू की। वहीं, रोनाल्डो ने सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड बनाया।

आइए आज के ऐसे ही प्रमुख करेंट अफेयर्स पर नजर डालते हैं, जो सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए अहम हैं...

नियुक्ति (APPOINTMENT)

1. विजय खंडूजा कैमरून में भारतीय राजदूत बने: 29 मई को विदेश मंत्रालय ने विजय खंडूजा को कैमरून में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया। वह अभी जिम्बाब्वे में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं।

- वह 2017 से विदेश मंत्रालय में निदेशक (संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक) के रूप में कार्यरत थे।
- 2014-17 में भारतीय दूतावास की ओर से बोस्निया और हर्जेगोविना में भारतीय राजदूत रहे।
- 2003-2006 तक शंघाई में भारतीय एंबेसडर के तौर पर नियुक्त थे।
- 1997 से 2000 तक इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग में भी काम किया।
- 1989 से 1992 और 2009-12 तक पेरिस के भारतीय दूतावास में पदस्थ थे।

नेशनल (NATIONAL)

2. सत्यदीप गुप्ता ने एक साथ दोहरी चढ़ाई कर रिकॉर्ड बनाया: 27 मई को भारतीय पर्वतारोही सत्यदीप गुप्ता ने एक ही मौसम में माउंट एवरेस्ट और माउंट माउंट ल्होत्से पर दो बार चढ़ाई कर नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 11 घंटे और 15 मिनट में दो चोटियों को पार कर इतिहास रच दिया।

- सत्यदीप गुप्ता ने दोपहर में 8,516 मीटर ऊंचे माउंट ल्होत्से को फतह किया।
- इसके बाद आधी रात को 12:45 बजे 8,849 मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई पूरी की।
- उनके साथ पर्वतारोही गाइड पेस्टेम्बा शेरपा और नीमा उगंडी शेरपा भी थे।
- इससे पहले सत्यदीप ने 21 मई को माउंट एवरेस्ट और 22 मई को माउंट ल्होत्से पर चढ़ाई की थी।
- सत्यदीप गुप्ता उत्तर प्रदेश के शहर पीलीभीत के रहने वाले हैं।

बिजनेस (BUSINESS)

3. देश में बनेगा क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर: 28 मई को भारतीय कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) ने IIT बॉम्बे के साथ सेमीकंडक्टर सेंसिंग टूल को लेकर समझौता किया। इसके तहत TCS और IIT बॉम्बे मिलकर देश के पहले क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर का निर्माण करेंगे।

- क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर मैग्नेटिक फील्ड की इमेज बना सकता है।
- इससे सेमीकंडक्टर चिप्स की नॉन इनवेसिव और नॉन-डिस्ट्रक्टिव मैपिंग संभव हो जाती है।
- यह सेमीकंडक्टर चिप्स की विफलता को कम करने और इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइसेज को बेहतर बनाने का काम करेगा।
- क्वांटम डायमंड माइक्रोचिप इमेजर को विकसित करने में 2 साल का समय लगेगा।
- इस प्रोजेक्ट पर TCS के विशेषज्ञ पीक्वेस्ट और IIT बॉम्बे के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कस्तूरी साहा काम करेंगे।

4. टाटा AIA लाइफ इंश्योरेंस ने इंस्टेंट लोन सुविधा शुरू की: 28 मई को टाटा AIA लाइफ इंश्योरेंस ने एक नई सर्विस शुरू की है, जिसके जरिए पॉलिसी होल्डर्स तुरंत 1 लाख रुपए तक का लोन ले सकते हैं। यह सर्विस कस्टमर्स को कवरेज खोए बिना अपनी इंश्योरेंस पॉलिसी के अगेंस्ट लोन लेने की सुविधा देती है।

- MyDigiAccount पोर्टल के जरिए आसानी से लिया जा सकेगा।
- इसके जरिए 1 मिनट के अंदर कस्टमर के अकाउंट में लोन की राशि जमा हो जाएगी।
- यह सर्विस मिनिमम पेपरवर्क के साथ तुरंत लोन मिलने के हिसाब से तैयार की गई।
- इसमें 10.80% की सालाना ब्याज पर लोन मिलेगा।
- लोन लेने के लिए किसी भी तरह के क्रेडिट चेक की जरूरत नहीं होती है।

स्पोर्ट्स (SPORTS)

5. रोनाल्डो ने सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड बनाया: 27 मई को सऊदी अरब के रियाद शहर में फुटबॉल के सऊदी प्रो लीग 2024 का फाइनल मैच खेला गया। इसमें अल नासर टीम ने अल इत्तिहाद को 4-2 से हराकर सीजन जीत लिया। अल नासर टीम की तरफ से क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो गोल किए।

- रोनाल्डो लीग के एक सीजन में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए।
- उन्होंने अब्देरज्जाक हमदल्लाह का रिकॉर्ड तोड़ दिया।
- अब्देरज्जाक ने 2018-19 के सीजन में 34 गोल किए थे।
- 39 वर्षीय पुर्तगाली खिलाड़ी रोनाल्डो दुनिया के सबसे मंहगे खिलाड़ी हैं।
- रोनाल्डो ने इंटरनेशनल लेवल पर 128 से ज्यादा गोल किए हैं।
- उन्होंने सबसे ज्यादा (200) इंटरनेशनल फुटबॉल मैच खेले हैं।

आज का इतिहास (TODAY'S HISTORY)

29 मई का इतिहास: 1953 में आज के दिन ही एडमंड हिलेरी और शेरपा तेनजिंग नोर्गे ने दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह की थी। दोनों पर्वतारोही ऐसा करने वाले पहले शख्स थे। पूरी दुनिया को ये खबर 4 दिन बाद यानी 2 जून 1953 को मिली थी।

- 2008 में बीजेपी के नेता वीएस येदुरप्पा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।
- 2007 में जापान की रियो मोरी 'मिस यूनिवर्स 2007' बनी थीं।
- 1990 में बोरिस येल्तसिन सोवियत संघ के राष्ट्रपति बने थे।
- 1987 में भारत के 5वें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का निधन हुआ था।
- 1954 में भारत के मशहूर कवि मदन कश्यप का जन्म हुआ था।